# प्रमुख सड़कों पर ई रिक्शा होगी प्रतिबंधित, सौ चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगेंगे

▶ 5 बार से ज्यादा उल्लंघन पर वाहन पंजीयन निरस्त और जब्ती

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. यातायात प्रबंध समिति की बैठक में आज अनेक निर्णय लिए गए जिसमें प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित करने, शहर के सौ चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने, पांच बार से ज्यादा नियमों के उल्लंघन पर पंजीयन निरस्त और वाहन जब्ती जैसे प्रमुख निर्णय भी शामिल है.**

शहर में यातायात जाम होने के लिए 16 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए है. बैठक में उक्त स्थानों को लेकर विस्तृत चर्चा और सुझाव मांगे गए. बैठक में 5 ब्लैक स्पॉट खत्म होने की जानकारी दी गई. यातायात सिग्नलों के बंद होने की शिकायत को दूर करने का निर्णय लिया गया. आज कलेक्टर सभा गृह में यातायात प्रबंध समिति की मैराथन बैठक हुई. करीब ढाई घंटे चली बैठक में कई विभागों ने एक दूसरे पर बात ढोलने की कोशिश की. आज सबसे ज्यादा निशाने पर एमपीआईडीसी विभाग रहा. एमपीआईडीसी शहर में सत्यसांई, आईटी चौराहा, मूसाखेड़ी और लसूडिया पर फ्लाई ओवर ब्रिज बना रहा है. ब्रिज निर्माण के कारण यातायात बहुत जाम हो रहा है, जिसमें राजाराम ढाबे के पास इलेक्ट्रिक पोल लगने के बाद लाइन शिफ्ट नही होने के कारण सड़क निर्माण प्रभावित हो रहा है. फिर कुछ जगह अतिक्रमण, अवैध बस स्टॉप, सिग्नल बंद होने से बिंदुओं पर सिलसिलेवार चर्चा हुई.

### सिग्नल क्यों बंद हुए ...?

आज बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह और एडिशनल कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव ने कल यातायात जाम होने के लिए नगर निगम के हाई कोर्ट, रीगल और नवलखा चौराहे के सिग्नल बंद होने की जानकारी मांगी. निगम के यातायात प्रभारी ने जानकारी दी कि ट्रैफिक वार्डन के कहने पर सिग्नल बंद किए. शिवाजी प्रतिमा पर केबल फाल्ट होने से सिग्नल बंद होना बताया गया.



### पांच ब्लैक स्पॉट खत्म

कलेक्टर सिंह ने बैठक में 16 ब्लैक स्पॉट में से 5 खत्म करने की जानकारी की सराहना की. साथ ही बचे 11 ब्लैक स्पॉट पर यातायात पुलिस, एनएचएआई, एमपीआईडीसी, पीडब्ल्यूडी और एमपीईबी से जानकारी ली कि क्या कारण है यातायात जाम का? बैठक में मुसाखेड़ी में गड्ढे भरने के बाद सर्विस रोड खराब का मुद्दा भी उठा.

### मौका मुआयना करेंगे अधिकारी

एनएचएआई के राऊ, रालामंडल का 29 और 30 जुलाई को थ्री लेयर ब्रिज, बेस्ट प्राइज और ओमेक्स सिटी ब्रिज का संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा मौका मुआयना किया जाएगा.

### सब्जी मंडी शिफ्ट होगी

यातायात जाम होने के लिए विजय नगर, रेडिसन, रोबोट चौराहे को लेकर बस स्टॉप और सब्जी मंडी शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया. सब्जी मंडी के लिए पास ही सीलिंग की जमीन और बसों के लिए रेडिसन के आगे सर्विस रोड पर जगह देने का निर्णय लिया गया.

### आरटीओ को निर्देश

कलेक्टर ने आरटीओ प्रदीप शर्मा से कहा कि झाबुआ टावर, पटेल प्रतिमा पर बसों के खिलाफ कारवाई करें.

### पंजीयन निरस्त करें

कलेक्टर सिंह ने 29 वाहनों के पंजीयन निरस्त के साथ जब्त कर स्क्रैब करने के लिए कहा है. साथ ही 5 से ज्यादा यातायात नियमों के उल्लंघन पर पंजीयन निरस्त और गाड़ी जब्ती की कारवाई ट्रैफिक पुलिस को करने के आदेश दिए.

### एक लाख का जुर्माना

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के इंजीनियर को चेतावनी दी कि अब कहीं भी गलती मिली तो निर्माता कंपनी पर 1 लाख जुर्माना और विभाग के अधिकारी को निलंबित और आर्थिक अनियमितता का दोषी माना जाएगा.

### ▶ लेफ्ट टर्न का मुद्दा

बैठक में लेफ्ट टर्न का मुद्दा भी उठा, जिसमें 9 स्पॉट क्लियर करने का कहा गया. गीता भवन, कनाडिया, बिचौली मर्दाना, रसौमा चौराहा, निरंजनपुर चौराहे और जीपीओ चौराहे के लेफ्ट टर्न पर अलग अलग प्वाइंट पर बात की गई. चर्चा में अतिक्रमण हटाने , लेफ्ट टर्न चौड़े नही होने को लेकर कलेक्टर ने निगम आयुक्त शिवम वर्मा को कारवाई करने के आदेश दिए.

### सौ चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल

बैठक में शहर के 100 चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने का निर्णय लिया गया. जल्द ही ट्रैफिक सिग्नल का काम शुरू करने के निर्देश कलेक्टर ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी को दिए है. साथ ही बचे 9 स्पॉट की समस्या जल्द सुलझाने और खत्म करने के आदेश संबधित विभाग के अधिकारी को दिए.

### यह भी थे मौजूद

बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांकसिंह, आईडीए सीईओ रामप्रकाश अहिरवार, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, एमपीआईडीसी, एनएचएआई, मेट्रो और यातायत पुलिस के अधिकारी मौजूद थे.

### बैठक में निम्न पांच बिंदुओं पर फोकस किया गया

1. लेफ्ट टर्न
2. अतिक्रमण
3. बस स्टॉप
4. ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने पर पंजीयन और लाइसेंस निरस्त
5. जगह जगह लगने वाली सब्जी मंडी

---

### एक नजर में

## बुलेट से पटाखे जैसी आवाज़ निकाली, बाइक जब्त



इंदौर. तेज़ रफ्तार और धमाके जैसी आवाज़ निकालती बुलेट से सड़क पर सनसनी फैलाने वाले युवक पर ट्रैफिक पुलिस ने देर रात सख्त कार्रवाई की. विजय नगर से रेडिसन चौराहे की ओर तेज़ गति में दौड़ती बुलेट को वायरलेस सूचना पर रेडिसन चौराहे पर तैनात पुलिस टीम ने रोका और मौके पर ही वाहन जब्त कर लिया. एसीपी ट्रैफिक मनोज खत्री द्वारा दी गई सूचना पर सूबेदार काज़िम रिज़वी और उनकी टीम ने युवक को रोका. जांच में पाया गया कि चालक के पास सिर्फ लर्निंग लाइसेंस था, उसने बिना अनुमति वाहन चलाया, साइलेंसर मॉडिफाई किया था, नंबर प्लेट गलत लगी थी और तेज़ आवाज़ से ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था. ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न धाराओं में चालान बनाते हुए बाइक को जब्त कर यातायात थाना पूर्व भेजा.

## चलती कार पर गिरा पेड़, तीन गंभीर घायल



इंदौर. महू से मानपुर के बीच तेज बारिश और हवा के दौरान एक बड़ा पेड़ चलती कार पर गिर गया, जिससे उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा देर रात बिचौली के पास का बताया जा रहा है कार नम्बर एमपी 68 सी 3671 में चालक समेत 5 से 6 लोग सवार थे, उस पर एक पेड़ अचानक भरभरा कर गिर गया. हादसे में कार चालक राहुल पिता मुरलीधर को सबसे ज्यादा चोटें आई. तेज टक्कर से कार की छत दब गई और स्टेयरिंग के बीच वह बुरी तरह फंस गया. वहीं कार में सवार सपना पति मुकेश और दिव्या पति राजेश को भी गंभीर चोटें आई हैं. अन्य यात्रियों को मामूली चोटें लगी हैं. सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची. घायलों को तत्काल मानपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों गंभीर घायलों को एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया है, यहां पर घायलों का इलाज किया जा रह है.

## ड्रग्स के जाल में फंसा भाजपा नेता का बेटा



इंदौर.क्राइम ब्रांच की टीम ने मादक पदार्थ एमडी की डिलीवरी से पहले एक युवक को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है. चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी भाजपा नेता का बेटा है और गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने पुलिसकर्मियों पर वाहन चढ़ाने की कोशिश भी की. गिरफ्तार युवक माज खान, भाजपा नेता कमाल खान का बड़ा बेटा है. वह एक युवती के साथ हाईकोर्ट के सामने स्थित धेनु मार्केट रोड पर ड्रग्स की डिलीवरी के इरादे से पहुंचा था. क्राइम ब्रांच की टीम को पहले से मुखबिर के जरिए सूचना मिल चुकी थी. मौके पर दबिश देते हुए टीम ने उसे डिलीवरी से ठीक पहले पकड़ लिया. सूत्रों के अनुसार, माज खान के पास से करीब 50 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है, जो न केवल नशे के सेवन बल्कि तस्करी के संगठित नेटवर्क की ओर भी इशारा करती है. पुलिस का मानना है कि इतनी मात्रा में एमडी आमतौर पर व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए नहीं लाई जाती. गिरफ्तारी के समय माज खान के साथ एक युवती भी मौजूद थी, जिसकी भूमिका की जांच की जा रही है. फिलहाल उसकी पहचान उजागर नहीं की गई है, लेकिन पुलिस उससे भी पूछताछ कर रही है. क्राइम ब्रांच अब इस बात की तह में जा रही है कि माज खान यह नशा किससे लेकर आया था और किस तक पहुंचाने वाला था. साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं.

## नागर बने प्रदेश सचिव



देपालपुर. नगर के युवा व्यवसायी एवं सक्रिय समाजसेवी बबलू नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय नंन्दैडा की सहमति से की गई. बबलू नागर की समाज सेवा व संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है. उनकी नियुक्ति पर नगर में हर्ष का माहौल है. पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम धाकड़, जयदीप नागर, विजय जी नागर, टिंकू नागर, पवन पटेल, मनोज नागर, नरेंद्र नागर, संदीप किरार एवं नवीन पटेल सहित अनेक इष्टजनों ने शुभकामनाएं प्रकट कीं. बबलू नागर ने कहा कि वे समाज और संगठन के हित में निरंतर काम करते रहेंगे और युवाओं को जोड़कर एक सशक्त धाकड़ समाज निर्माण हेतु प्रयासरत रहेंगे.

---

# कारोबारी ने फांसी लगाई, मौत से पहले बनाया वीडियो

*पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप*

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करने वाले एक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की.**



40 वर्षीय मिथुन पिता गंगाराम निवासी गणेश नगर ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें वह पत्नी द्वारा की गई प्रताड़ना को जिम्मेदार ठहराते नजर आया. मिथुन की मां राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने पहले अपनी ही बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मिथुन को ढाई साल तक जेल भिजवा दिया था. जेल में रहने के दौरान मिथुन को लकवे की शिकायत भी हो गई थी. जमानत पर बाहर आने के कुछ समय बाद उस पर फिर से एक नया प्रकरण दर्ज करवाकर उसे 10 दिन के लिए फिर जेल भिजवा दिया. हाल ही में जब उसके कारखाने में आग लगी तो पत्नी ने मिथुन पर ही आग लगाने का आरोप मढ़ दिया. इतना ही नहीं, परिवार का आरोप है कि पत्नी ने पुलिस से मिलकर उसकी पिटाई भी करवाई. मिथुन का रेडीमेड कपड़ों का काम था और उसके पास दो कारखाने थे. लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने यह कदम उठाया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है. मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो को भी पुलिस जांच का हिस्सा बना रही है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है.

## पत्नी के छोड़कर जाने से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर.** पलासिया थाना क्षेत्र स्थित विनोबा नगर में 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान नीलेश पिता घनश्याम के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि करीब एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी, लेकिन हाल ही में पत्नी से विवाद के चलते वह उसे छोड़कर मायके चली गई थी.


घटना के बाद से नीलेश तनाव में था और शनिवार को उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं, जिससे आत्महत्या की पुख्ता वजह स्पष्ट हो सके.

# फरार पार्षद पर शिकंजा कसने पुलिस ने इनाम दोगुना किया

▶ अब कुल 31 हजार का इनाम घोषित

**इंदौर. लव जिहाद के गंभीर आरोपों में नामजद कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी पुलिस की पकड़ से बाहर है. फरारी के चलते पुलिस ने उस पर घोषित 10 हजार के इनाम को अब बढ़ाकर 20 हजार कर दिया है. साथ ही भाजपा नेता द्वारा पहले से घोषित 21 हजार रुपए को मिलाकर अब अनवर की गिरफ्तारी पर 31 हजार का इनाम हो गया है.**

बताया गया है कि अनवर कादरी के खिलाफ युवती को प्रेम जाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन के आरोप के तहत प्रकरण दर्ज है. मामला उजागर होने के बाद से ही वह फरार चल रहा है. पुलिस द्वारा लगातार दबिश देने के बावजूद उसकी लोकेशन नहीं मिल रही. अब इनाम की राशि बढ़ाकर पुलिस ने आम नागरिकों से भी उसके बारे में सूचना देने की अपील की है. पुलिस अफसरों का कहना है कि अनवर को जल्द पकड़ने के लिए सभी जरूरी प्रयास जारी हैं. वहीं अब बढ़ी इनामी राशि के चलते संभावना है कि जल्द ही फरार पार्षद की गिरफ्तारी हो सकेगी.



# जल्दी पैसा कमाने में बेचने लगा नशा


▶ पंखा मैकेनिक और मिस्त्री गांजा बेचते पकड़े गए

▶ क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

▶ ढाई किलो गांजा और बाइक जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नशे की लत का फायदा उठाकर जल्द पैसा कमाने की फिराक में लगे दो युवक क्राइम ब्रांच की पकड़ में आ गए. एक पंखे सुधारने का काम करता है और दूसरा मैकेनिक है, लेकिन दोनों ने अपनी असली कमाई गांजे की बिक्री से करने की ठानी थी. पुलिस ने इनसे करीब ढाई किलो गांजा और एक बाइक जब्त की है. बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 50 हजार रुपए आंकी गई है.**



क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एमआर-4 रोड स्थित चैतन्य हनुमान मंदिर के पास दो संदिग्ध युवक नशीला पदार्थ लेकर खड़े हैं. पुलिस को देखते ही दोनों घबरा गए और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया. पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जिशान खान उम्र 20 वर्ष और रेहान खान उम्र 19 वर्ष निवासी धार बताए. एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि जिशान पंखा सुधारने का काम करता है, जबकि रेहान मैकेनिक है. दोनों ने कबूल किया कि वे सस्ते दामों पर गांजा खरीदते थे और उसे इंदौर शहर में नशे के आदी युवाओं को ऊंचे दामों पर बेचते थे. पूछताछ में उन्होंने यह भी बताया कि उनकी मंशा जल्द रुपए कमाने की थी. पुलिस ने दोनों आरोपियों से 2.475 किलो गांजा और एक मोटरसाइकिल बरामद कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनसे पूछताछ कर जा रही है.

# ट्रांसपोर्ट व्हीकल उपलब्ध कराने की आड़ में बेच रहा था ड्रग्स

▶ क्राईम ब्रांच ने भंडारी ब्रिज के नीचे दबोचा ड्रग्स तस्कर

▶ 12.68 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त, मंदसौर-देवास से जुड़ा है कनेक्शन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में मादक पदार्थों की आपूर्ति रोकने के अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को एक बड़ी सफलता मिली है. भंडारी ब्रिज के नीचे से एक ऐसे आरोपी को पकड़ा है जो इवेंट ट्रांसपोर्ट व्यवसाय की आड़ में एमडी ड्रग्स की तस्करी कर रहा था. आरोपी के कब्जे से 12.68 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में आंकी जाती है.**



अभिमन्यु

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति ड्रग्स की खेप लेकर शहर में घूम रहा है. इस पर टीम ने भंडारी ब्रिज क्षेत्र में घेराबंदी की. पुलिस को देख घबराया युवक भागने लगा मगर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया, एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम अभिमन्यु राजपूत उम्र 31 निवासी सोनकच थाना जिला देवास बताया. वह इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों को ट्रांसपोर्ट व्हीकल उपलब्ध कराने का काम करता है और 12वीं तक पढ़ा है. पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया कि वह सस्ते दामों पर एमडी ड्रग्स खरीदकर शहर में ड्रग्स के आदी युवाओं को ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में था. उसका इरादा जल्द पैसा कमाने का था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध शाखा में अपराध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पकड़ी गई ड्रग्स की खेप कहां से लाई गई और किन-किन लोगों को बेची जानी थी, इस दिशा में भी पूछताछ जारी है.

# ईमानदार चौकीदार ने युवती को दिया उसका खोया बैग

▶ आईफोन, नगदी और डॉक्यूमेंट समेत बैग सही-सलामत लौटाया, युवती ने जताया आभार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. ड्यूटी के लिए निकली युवती का रास्ते में गिरा बैग एक ईमानदार चौकीदार पुलिस और की मदद से सही-सलामत मिल गया. बैग में नगदी, महंगा मोबाइल और जरूरी दस्तावेज रखे थे.**



रेणुका रघुवंशी, जो स्कीम नंबर 54 स्थित एक कंपनी में काम करती हैं, सुबह एक्टिवा से ड्यूटी जाते समय रास्ते में अपना बैग गिरा बैठीं. बैग में नगदी रुपए, आईफोन 15 और पहचान संबंधी दस्तावेज थे. उन्होंने तुरंत परदेशीपुरा थाना पहुंचकर इसकी सूचना दी. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने प्रधान आरक्षक जीशान और आरक्षक जितेंद्र को बैग की तलाश में रवाना किया. पुलिस टीम ने रेणुका के साथ मिलकर स्कीम नंबर 54 क्षेत्र में सर्च किया, जहां एक मकान के चौकीदार ज्ञान सिंह को वही बैग मिला था. ईमानदार चौकीदार ने बैग को सुरक्षित बाहर टांगकर रखा था और मालिक के आने का इंतजार कर रहा था. पुलिस ने बैग को बरामद कर रेणुका को सौंपा, जिसमें सारा सामान सुरक्षित मिला. युवती और पुलिस दोनों ने चौकीदार की ईमानदारी की सराहना की.

### एक नजर में ▶ सीमा की चौकसी में जुटे सिपाहियों के साथ मनाया भाई-बहन का पर्व

# महिलाओं ने बांधी बीएसएफ जवानों को राखी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. देश की सीमाओं की चौकसी में 24 घंटे मुस्तैद रहने वाले बीएसएफ के जवानों के साथ शहर की बहनों ने रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही आत्मीयता और सम्मान के साथ मनाया. मौका था सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ इंदौर में आयोजित एक विशेष रक्षाबंधन समारोह का, जिसमें उमंग महिला परिषद की लगभग 100 सदस्यों ने उन जवानों की कलाइयों पर राखियाँ बाँधकर उनके प्रति अपना स्नेह, आभार और सम्मान प्रकट किया.**







इस आयोजन में शामिल सभी महिलाओं ने उन वीर सिपाहियों को अपना 'रक्षाभाई' मानते हुए राखी बांधी, जो भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश की करीब 8000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर चौबीसों घंटे तैनात रहकर देश की सुरक्षा में संलग्न रहते हैं. रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक पर्व पर भी ये जवान अपने घर नहीं जा पाते, ऐसे में यह आयोजन उनके लिए भावनात्मक जुड़ाव और भाईचारे का अनूठा अनुभव बना. समारोह के दौरान परिषद की सदस्यों ने जवानों के साथ संवाद कर उनका उत्साह भी बढ़ाया. रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व पर सामाजिक सरोकार और देशभक्ति का यह मेल ना केवल जवानों के मनोबल को मजबूत करता है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि देश की रक्षा में जुटे हर सैनिक का सम्मान और साथ हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. उमंग महिला परिषद की यह पहल उन हजारों गुमनाम सिपाहियों को समर्पित रही जो सीमाओं पर डटे रहते हैं, ताकि देशवासी अपने त्योहारों को निश्चिंत होकर मना सकें. यह आयोजन एक प्रतीक बन गया रिश्तों की डोर को देशभक्ति से जोड़ने वाला पर्व.